an>

Title: Need to formulate stringent laws to take action against self-styled godmen indulging in nefarious activities like human sacrifice in the country.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में एक ऐसी घटना हुई कि अभी भी लोगों में भय व्याप्त है।...(व्यवधान) एक माह पूर्व एक नौ साल के लड़के का अपहरण किया गया।...(व्यवधान) उसकी नरबलि दी गयी। उसकी दोनों आंखे निकाल ली गई।...(व्यवधान) उसकी मुण्डी धड़ से अलग कर दी गयी और उसका पूरा खून एक लोटे में भर कर हमारे गांव में एक मंदिर है, जिसमें डाला गया। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको बोलने का समय मैं दे रही हूं, लेकिन माननीय सदस्य को तो कम्पलीट करने दीजिए।

श्री रामदास सी. तडस : अंधश्रद्धा के कारण यह घटना हुई है। आज वहां के लोगों में इतना भय है कि लोग स्कूल में अपने बच्चे भेजने के लिए तैयार नहीं हैं। इतनी बड़ी घटना यह हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जो तांत्रिक बाबा इसमें शामिल रहा है, उसको कड़ी से कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए। इसके अलावा इस घटना की जांच सीआईडी से करवायी जाए।...(व्यवधान)